# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
# प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बागेश्वर

पत्रांक – 1315/2ई0व0भू0, दिनांक 14/05/2024

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
बागेश्वर वन प्रभाग,
बागेश्वर।

विषय :– जनपद बागेश्वर के घटगाड़ से पगना तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 4.669 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (Online Proposal No. FP/UK/ROAD/151674/2022)

सन्दर्भ :– भारत सरकार के पत्रांक 8बी0/यू.सी.पी./06/70/2023/एफ.सी./976 दिनांक 20.10.2023

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक सन्दर्भ का अवलोकन करने का कष्ट करें, भारत सरकार द्वारा लगायी गयी आपत्तियों का निस्तारण कर निस्तारण आख्या निम्न प्रकार है :--

| कम सं0 | लगायी गयी आपत्ति | आपत्ति का उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्तावित मार्ग के के.एम.एल. के अवलोकन उपरान्त ज्ञात होता है कि लाभान्वित होने वाला गॉव पूर्व से ही मौजूदा मार्ग से जुड़ा है। अतः पस्तावित मार्ग का उद्देश्य स्पष्ट नहीं है तथा प्रस्ताव को मैरिट के आधार पर अस्वीकार किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, यदि इस क्षेत्र की छोटी आवादी को कनेक्टीविटी प्रदान करने की आवश्यकता होती है तो आसपास के क्षत्र में पर्याप्त गैर वन क्षत्र दर्शित हो रहा है, जिसका उपयोग इस हेतु किया जा सकता है। राज्य सरकार से अनुरोध है कि इस संबंध में स्पष्टीकरण/विस्तृत टीप प्रस्तुत करने का कष्ट करें। | महोदय उक्त प्रस्ताव ग्राम घटगाड़, पगना, कठानी को मोटर मार्ग से कनेक्टीविटी प्रदान करने हेतु प्रस्तावित किया गया है। उक्त सभी ग्राम के ग्रामवासी दूर–दूर बसे होने के कारण पूर्व से निर्मित मोटर मार्ग नहीं जुड़े हैं प्रस्तावित संरेखण को इसी मार्ग के अन्तिम बिन्दु से प्रस्तावित किया गया है तथा ग्राम ढलान पर होने के कारण ग्रामीणों को लगभग 2–3 किमी0 पैदल सीधी खड़ी ~~चौड़ाई~~ चढ़ाई में आना जाना पड़ता है।<br>महोदय यह भी अवगत कराना है कि वर्तमान संरेखण से अधिक आवादी लाभान्वित होती हैं एवं उक्त ग्राम वासियों का जिला मुख्यालय, निकटतम बाजार, अस्पताल, इन्टर कालेज आदि बागेश्वर ही हैं जिन्हें आने जाने में समय की बचत होगी एवं इलाज हेतु रोगियों तथा असहाय लोगों को अस्पताल एवं जिला मुख्यालय लाने में सहुलियत होगी। वर्तमान संरेखण के अतिरिक्त कोई अन्य विकल्प ग्रामीणों को जोड़े जाने हेतु उपलब्ध नही है। ग्रामीणों का अनुरोध पत्र भी पत्र के साथ संलग्न है।<br>अतः वर्तमान संरेखण पर विचार करने की कृपा करें। |

संलग्न– ग्रामीणों का अनुरोध पत्र।

डिस्पैच प्राप्त 13/5/2024 बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर

14/05/24

Executive Engineer
Provincial Division PWD
Bageshwar

P.E.

# प्रधान ग्राम पंचायत घटगाड़

विकास खण्ड एवं तहसील–बागेश्वर, जनपद–बागेश्वर

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

**चन्द्रशेखर**

ग्राम प्रधान

मो0 8194081472


पत्रांकः

दिनांकः 22/2/2024

सेवा में,

श्रीमान अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी

उत्तराखण्ड देहरादून

विषय– बागेश्वर के घटगाड़ से पगना मोटरमार्ग निर्माण हेतु 4.669 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोग निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (Online Proposal No. FP/UK/ROAD/151674/2022)

**सन्दर्भ– आपके पत्रांक संख्या 8बी/यू.सी.पी./06/70/2023/एफ.सी. 976**

महोदय,

महोदय उपर्युक्त प्रस्ताव पर विभाग द्वारा सूचना मिलने पर प्रस्तावित मार्ग **घटगाड़ से पगना मोटर मार्ग** को जोड़ने से केवल घटगाड़ ही नही अन्य क्षेत्र गॉव तोक भी लाभान्वित होगें जिसके निम्न कारण प्रस्तुत करते है।

1. घटगाड़ व अन्य आसपास के गॉव के बिरोजगार व्यक्ति भी गॉव में **सब्जी,फल,मछली, मुर्गी, व गाय पालन व दुग्धडेरी** का उत्पादन करके स्वरोजगार को बढावा दे रहे है मौजूदा सडक मार्ग से उन्हें अपनी लागत व मेहनत का 1 प्रतिशत लाभ भी नही हो पाता है जिससे स्वरोजगार कर रहे व्यक्ति निराश व हतास है।
2. घटगाड़ व पगना मोटर मार्ग में अन्य गॉव व तोक **बमौरखान, बोहाला, मेहरगॉव, तुनखेत, ढौल, कठानी, सत्येश्वर, पगना, शीरसोली, नागर, बढगेरी आदि** गॉव के 90 प्रतिशत लोग पैदल मार्ग का उपयोग करते है।
3. **घटगाड़ के लगभग 80 प्रतिशत लोग स्कूल व रोजी रोटी के लिए** पगना व बागेश्वर की ओर रोजगार करते है व स्वरोजगार उत्पादन साम्रगी पगना व उसके आस पास के क्षेत्र से लेकर बिलौना तक जाते है सड़क मार्ग न होने से अधिक समय आने जाने में लग जाता है जिस कारण मार्ग में जंगली जानवरों का भी खतरा बना रहता है।
4. घटगाड़ से पगना मोटरमार्ग बनने से गॉव में स्वरोजगार में वृद्वि होगी व अन्य क्षेत्रों व गॉव भी स्वरोजगार से प्रभावित होगें।

5. घटगाड़ पगना के पास में **खुठानी पावर हाउस** का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिससे गॉव के युवा रोजगार करते है जिनके सुबह शाम आने जाने में अधिक समय लगता है व जानवरों का खतरा बना रहता है।
6. घटगाड़ ग्राम पंचायत व अन्य पंचायतों के आस पास क्षेत्र घटगाड़, बोहाला, महरगॉव, तूनीखेत, गोपारतोली, जुकालपानी, कठानी, हनोली, कभडा, सुतरगॉव आदि किसी भी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो उसका अन्तिम संस्कार भी घटगाड पगना मोटरमार्ग के पास सत्येश्वर (शमशान घाट) में किया जाता है।
7. गॉव व क्षेत्र के अधिकाश व्यक्तियों के खेत व काम व रिश्तेदारी पगना व बिलौना की ओर है जिससे सम्पर्क मार्ग मिलने से समय की बचत होगी वही जंगली जानवरों की भय से मुक्ति मिलेगी।
8. पगना के पास **सत्येश्वर में प्राचीन मन्दिर शिवालय एवं स्थानीय मसाण देवता का मन्दिर** है जो एक धार्मिक स्थल है जो हिन्दु धर्म में आस्था का केन्द्र है जहा अन्य जनपदो से भी आवाजादी लगी रहती है।

अतः महोदय जी से निवेदन है कि उक्त पंक्तियों पर विचार करके गॉव व क्षेत्र के इस विकासशील मार्ग को निर्माण करने की अनुमति प्रदान किजिएगा जिससे समस्त क्षेत्रवासी आपके आभारी रहगें।

समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासी

प्रतिलिपि आवश्यक कार्यवाही हेतु
1. अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग बागेश्वर

प्रधान
ग्राम पंचायत बोहाला
वि०ख० एवं जनपद-बागेश्वर

अध्यक्ष
जन संघर्ष समिति
कठपुड़ियाछीना (बागेश्वर)

प्रधान
ग्राम पंचायत घटगाड़
वि०ख० एवं जनपद-बागेश्वर

प्रधान
ग्राम पंचायत कमड़ा
वि० ख० बागेश्वर

1. [signature]
2. सूरज
3. ज्ञान राम
4. [signature]
5. उत्तम सिंह
6. मथुरा प्रसाद
7. [signature]
8. प्रकाश चन्द्र
9. वीरेन्द्र प्रसाद
10. राजेन्द्र
11. बालम
12. किशन राम

Eds 9/11/2023

भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय /
Ministry of Environment, Forest & Climate Change
क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून /
Regional Office, Dehradun

सत्यमेव जयते

प्रकृतिः रक्षति रक्षिता
Nature Protects if She is Protected

25 सुभाष रोड, देहरादून-248001/ 25 SUBHASH ROAD, DEHRADUN-248001
दूरभाष/ PHONE-0135-2650809, ईमेल/ E-mail-moef.ddn@gov.in

पत्र सं0 8बी/यू.सी.पी./06/70/2023/एफ.सी. 976 दिनांक 20/10/2023

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फारेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषयः- जनपद- बागेश्वर के घटगाड से पगना तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 4.669 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (Online Proposal No. FP/UK/ROAD/151674/2022)

सन्दर्भः- कार्यालय- अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड का पत्रांक -282/ FP/UK/ROAD/151674/2022 दिनांक 10.08.2023 (received online on 26.09.2023)

महोदय,

उपर्युक्त प्रस्ताव पर ध्यानपूर्वक विचार करने के उपरान्त मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि प्रस्तावित मार्ग की केएमएल के अवलोकन उपरान्त ज्ञात होता है कि लाभान्वित होने वाला गांव पूर्व से ही मौजूदा मार्ग से जुडा हुआ है। अतः प्रस्तावित मार्ग का उद्देश्य स्पष्ट नहीं है तथा प्रस्ताव को मैरिट के आधार पर अस्वीकार किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, यदि इस क्षेत्र की छोटी आबादी को कनेक्टिविटी प्रदान करने की आवश्यकता होती है, तो आसपास के क्षेत्र में पर्याप्त गैर वन क्षेत्र दर्शित हो रहा है, जिसका उपयोग इस हेतु किया जा सकता है। राज्य सरकार से अनुरोध है कि इस संबंध में स्पष्टीकरण/ विस्तृत टीप प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

उपरोक्त के क्रम में जवाब प्राप्ति के उपरांत ही प्रस्ताव पर अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी ।

भवदीय,

(डा0 योगेश गैरोला)
तकनीकी अधिकारी (वानिकी)

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः-

1. अपर मुख्य सचिव (वन) उत्तराखण्ड शासन, सुभाष रोड़, देहरादून।

(डा0 योगेश गैरोला)
तकनीकी अधिकारी (वानिकी)

AE (iv) आपत्तियों का निराकरण 1 सप्ताह के भीतर कराना सुनिश्चित करें।

17/11/23

LiFE
Lifestyle for Environment